तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025


14 बिजली कटौती चरम पर, हर आधे घंटे में हो रही बिजली ...


14 मोहतरा में जल्द शुरू होगा गोधाम, घुमंतु पशुओं...



## खबर संक्षेप

### सीईओ जिला पंचायत ने की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षाबल'



**बलौदाबाजार** । सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रामीण एवं पंचायत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। इस दौरान बैठक में अनुपस्थित रहने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता राम प्रसाद जोशी को अवैतनिक करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री आवास की प्रगति,मनरेगा योजना में जल संचयन के कार्य,एनआरएलएम में आरएफ व सीएफएफ एवं संतृप्तता तक समूह गठन, एसबीएम अंतगर्त एफएसटीपी प्लास्टिक वेस्ट मैनजेमेंट एवं ओडीएफ की स्थायित्व बनाये रखने के साथ ही अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रगति की गहन समीक्षा किया गया। सभी संबधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये।

कार्यक्रम : मेगा हेल्थ कैंप में 300 से अधिक लोग लाभान्वित, 9 बच्चों को भेजा एनआरसी

# रजत जयंती महोत्सव पर महिला एवं बाल विकास विभाग का विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- व्यंजन प्रदर्शनी और बाल सुरक्षा पर भी चलाए गए जागरूकता कार्यक्रम

महिला एवं बाल विकास विभाग ने रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कलेक्टर दीपक सोनी और जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और समुदाय को जागरूक करना था। इसी क्रम में, सोनाखान परियोजना के ग्राम पंचायत राजादेवरी में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत एक मेगा हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया।

इस हेल्थ कैंप में राजादेवरी और उसके आसपास के गांवों, जैसे मुगुलभाठा और नगेड़ा-नगेड़ी से बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुईं। कैंप में किशोरी बालिकाओं और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें हीमोग्लोबिन, शुगर और बीपी की जांच भी शामिल थी। इसके अलावा, गंभीर कुपोषित बच्चों की भी जांच की गई, जिनमें से 9 बच्चों को इलाज के लिए एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) भेजा गया।





### पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी

पलारी परियोजना के तहत, ग्राम गिर्रा के हाट बाजार में रेडी-टू-ईट से बने पारंपरिक व्यंजनों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को इन व्यंजनों के पोषण संबंधी फायदों के बारे में जागरूक करना था। इसी तरह, लवन में एक बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 158 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### बालिका सुरक्षा पर जागरूकता

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बालिका सुरक्षा माह (14 अगस्त से 15 सितंबर 2025) के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने बलौदाबाजार, पलारी और बलौदाबाजार विकासखंड के 4 स्कूलों में जागरूकता सत्र आयोजित किए। इन सत्रों में छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें सोशल मीडिया के दुरुपयोग और उसके दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया।

# वन्यजीव अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- वन्यजीव अपराध जांच और अभियोजन पर अधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण
- विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव, वैज्ञानिक तरीकों से साक्ष्य इकट्ठा करने पर जोर

वन्यजीव अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी अभियोजन को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को बलौदाबाजार वनमण्डल कार्यालय में दो दिवसीय वन्यजीव अपराध जांच एवं अभियोजन पर क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

यह कार्यशाला वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के नेतृत्व में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, मध्य क्षेत्र, भोपाल के सहयोग से संपन्न हुआ जिसमें वन्यजीव अपराधों की गहन जांच एवं अभियोजन की व्यवहारिक तकनीक की बारीकियां बताई गई। कार्यशाला में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन और उनकी टीम ने छत्तीसगढ़ में घटित वन्यजीव अपराधों की केस स्टडी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि किस तरह समय पर और संगठित प्रयासों से अपराधों को रोका और हल किया जा सकता है। वहीं, जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फोरेंसिक एंड हेल्थ से डॉ. निधि राजपूत ने अपराध स्थल प्रबंधन और साक्ष्य संरक्षण पर विशेष सत्र लिया। उन्होंने अधिकारियों और वनकर्मियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से साक्ष्य इकट्ठा करने और उनका संरक्षण करने का तरीका सिखाया।

### *विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव*

*कार्यशाला में बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य के उप वन संरक्षक क्रिशानू चंद्राकर, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो भोपाल से डॉ. के.के. शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता यश कुमार सोनी और मध्य प्रदेश पुलिस से अफजल खान जैसे विशेषज्ञ भी मौजूद थे। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा कर प्रतिभागियों को वन्यजीव अपराधों से निपटने के लिए प्रेरित किया।*

### *प्रशिक्षण में शामिल हुए 70 प्रतिभागी*

*इस प्रशिक्षण में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रावधानों, विभिन्न दंडनीय अपराधों की श्रेणियों और अनुसूचित प्राणियों की परिभाषाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यशाला में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व और बलौदाबाजार वन मंडल के सभी परिक्षेत्रों से कुल 70 अधिकारी, वनकर्मी और पुलिस विभाग के प्रतिभागी शामिल हुए। विशेषज्ञों ने वास्तविक मामलों के उदाहरणों से प्रशिक्षण को अधिक प्रभावशाली बनाया।*



# हॉकी स्टिक से हमला कर युवक को घायल करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार** । थाना बिल्हा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहतरा निवासी अजीत कुमार साहू पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो युवक और एक अपचारी बालक शामिल है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित अजीत कुमार साहू 10 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 3 बजे ग्राम रिसदा से अपने घर लौट रहे थे। जब वे ग्राम रामपुर शिवनाथ नदी पुल के पास पहुँचे, तो वहाँ ग्राम कोहरौदा निवासी संजय निषाद, उसका साथी करन निषाद और एक अपचारी बालक शराब के नशे में मिले। इन तीनों ने अजीत से गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब अजीत ने उन्हें मना किया, तो तीनों ने मिलकर जान से मारने की धमकी दी और हॉकी स्टिक से उसके सिर पर हमला कर दिया। हमले में अजीत गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया।

### आरोपियों ने स्वीकारा अपराध

परिजनों ने तुरंत अजीत को उपचार के लिए बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद 1 अगस्त को उसे अस्पताल से छुट्टी मिली। इसके बाद पीड़ित ने 12 अगस्त को चौकी करहीबाजार में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर हुई जाँच में अजीत की चोट को गंभीर प्रकृति का पाया गया, जिसके बाद मामले में धारा 118(2) बी.एन.एस. भी जोड़ी गई।



## खबर संक्षेप

### पचरी में मनाई गई गुरु बालकदास की जयंती

**झलप।** ग्राम पंचायत पचरी में बलिदानी राजा गुरु बालकदास जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें सबसे पहले जय स्तम्भ में पूजा अर्चना कर आरती गीत व पंथी नृत्य के माध्यम से हुआ उसके बाद ग्राम प्रमुखों द्वारा उदबोधन में गुरु बालक दास बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला गया। बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अलित घृतलहरे, भूषण, लखन टंडन, गैंदराम जोशी, लाला जोशी, अनिल मार्कंडेय, नरेंद्र लहरे, त्रिलोक, राजेश लहरे, कलेश, गोकुल, लक्की, कमल जोशी, राकेश, टिकेश्वर, पिलाबव, ओम निराला आदि उपस्थित रहे।

### अभाविप बागबाहरा कार्यकारिणी गठित

**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला महासमुंद की बागबाहरा इकाई नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री शिवशंकर प्रजापति, विभाग संयोजक अभिषेक पांडे, जिला संयोजक ललित कुमार साहू की उपस्थिति रही। सत्र 2025–26 हेतु बागबाहरा इकाई के नेतृत्व करने हेतु मोहित तिवारी को नगर मंत्री का दायित्व दिया गया। मोहित लगातार 4 वर्षों से विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता है। नगर सहमंत्री अभिषेक देवांगन, डोगेश साहू नगर महाविद्यालय प्रमुख नगर, विक्रमादित्य विद्यालय प्रमुख, सोशल मीडिया प्रमुख प्रिंस चंद्राकर, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख रूपेश देशकर, एसएफडी प्रमुख विनीत साहू, एफएस प्रमुख आराध्य पांडेय को नगर खेलो भारत प्रमुख बनाया गया।

### बिरकोनी और भोरिंग बनाए जाएंगे महतारी सदन

**महासमुंद।** प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी सदन का निर्माण का कार्य चल रहा है। इस तारतम्य में महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 02 नए महतारी सदन को स्वीकृति मिली है। इससे पहले महासमुंद विधानसभा के ग्राम झलप, पटेवा और खट्टी में महतारी सदन को स्वीकृति मिली थी, जिसका निर्माण कार्य जारी है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश के अलग अलग जिलों के गांवों को जोड़ा जाएगा। पहले चरण में महासमुंद विधानसभा के तीन गांव झलप, पटेवा और खट्टी में महतारी सदन को स्वीकृति मिली थी। तीनों स्थानों पर महतारी सदन बनाने का कार्य प्रगति पर है। अब 02 नए महतारी सदन ग्राम बिरकोनी और भोरिंग में बनाए जाएंगे। इससे ग्रामीण महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि नए भारत के विकास में महिलाओं की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बना रही है। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हॉल, किचन और स्टोर रूम जैसी सुविधाएं रहेगी।

### पटेवा शराब दुकान में 46 लाख का गबन

**झलप।** 16 अगस्त को आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया, जब उन्हें पटेवा शराब दुकान में गबन की जानकारी हुई। मिली जानकारी के अनुसार जब 16 अगस्त को एजेंसी कर्मचारी ऑडिट करने भट्टी पहुंचे तो पाया कि देशी और अंग्रेजी दुकान के सुपरवाइजर द्वय जुबैर सिद्दिकी और गोविंद ध्रुव द्वारा पैसों का गबन हुआ है, जिसकी जानकारी अपने उच्च अधिकारी को दी गई। तब आबकारी अधिकारी नितिन बैस और अन्य स्टाफ के द्वारा की जांच की जा रही है। बुधवार को जब जांच पूरी हुई तो पता चला कि 4637000 का गबन हुआ है।

# शासकीय स्कूल दम तोड़ रहे, निजी फल-फूल रहे: शिक्षा पर गहरा रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के गोपालपुर क्षेत्र में सरकारी स्कूल अपनी पहचान खोते जा रहे हैं, जबकि निजी स्कूल तेजी से फल-फूल रहे हैं। एक समय था जब सरकार ने हर किलोमीटर पर प्राइमरी और मिडिल स्कूल खोले थे ताकि हर बच्चे को अपने गाँव में शिक्षा मिल सके, लेकिन अब ये स्कूल बंद होने की कगार पर हैं या उनमें छात्रों की संख्या बहुत कम रह गई है। यह स्थिति आने वाले समय में एक बड़ी चिंता का कारण बन सकती है। अगर सरकारी स्कूल बंद हो गए, तो गरीब बच्चों के लिए शिक्षा हासिल करना मुश्किल हो जाएगा।

लोगों की यह मानसिकता बन चुकी है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती, क्योंकि शिक्षकों को शैक्षणिक कार्यों के अलावा अन्य कामों में भी लगाया जाता है, जबकि निजी स्कूलों में केवल पढ़ाने पर ध्यान दिया जाता है। इस सोच को बदलना बेहद जरूरी है। विडंबना यह है कि अधिकारी, कर्मचारी और संपन्न परिवार अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन खुद सरकारी स्कूलों में नौकरी करना पसंद करते हैं। अगर गाँव-गाँव के सरकारी स्कूल बंद हो गए, तो भविष्य में इन शिक्षकों को नौकरी कहाँ मिलेगी?

## सरकारी स्कूलों में घट रही है छात्रों की संख्या, भविष्य पर मंडरा रहा है खतरा

### प्रशिक्षित शिक्षक, फिर भी क्यों भरोसा नहीं?

क्षेत्र के जागरूक लोगों ने मौखिक चर्चा के दौरान बताया कि सरकारी स्कूलों में प्रशिक्षित और योग्य शिक्षक होते हैं, जबकि निजी स्कूलों में बहुत कम प्रशिक्षित शिक्षक मिलते हैं। इसके बावजूद, पढ़े-लिखे लोग निजी स्कूलों पर ज्यादा भरोसा करते हैं, जो समझ से परे है। लोगों का मानना है कि यदि सरकार ठोस कदम उठाए और सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए, तो सरकारी स्कूलों को बंद होने से रोका जा सकता है।



### निजी स्कूलों में सुविधाओं का अभाव

क्षेत्र में कई निजी स्कूल बिना पर्याप्त भवन, कमरे और फर्नीचर के चल रहे हैं। बच्चों के लिए शौचालय और मूत्रालय की भी उचित व्यवस्था नहीं है। स्कूली वाहनों में बच्चों को ठसाठस भरा जाता है, मानों वे कोई सवारी गाड़ी हों। आज निजी स्कूल खोलना एक व्यवसाय बन गया है, जहाँ शिक्षा की गुणवत्ता से ज्यादा मुनाफा कमाने पर जोर दिया जा रहा है। लोगों ने सरकार से अपील की है कि वह सरकारी स्कूलों को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए।

## 23 को मनाया जाएगा किसानों का प्रमुख पर्व, बाजारों में बिक रहे मिट्टी के खिलौने

# खरोरा में पोला की तैयारी, लेकिन महंगाई से फीकी पड़ रही है रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



खरोरा और आसपास के क्षेत्रों में किसानों का प्रमुख पर्व पोला 23 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह त्यौहार किसानों के लिए बेहद खास होता है, क्योंकि यह धान की निराई का काम पूरा होने और फसलों के बढ़ने की खुशी का प्रतीक है।

त्योहार की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। सोमवार को लगे खरोरा के साप्ताहिक बाजार में मिट्टी के खिलौने लेकर कुम्हार पहुँचे, जहाँ पोला का सामान खरीदने के लिए ग्रामीणों और शहर के लोगों की भीड़ उमड़ी। मौसम भी साफ था, जिससे दिन भर ग्राहकों का आना-जाना लगा रहा।

### महंगाई का दिख रहा असर

हालांकि, पोला की रौनक पर महंगाई का असर साफ दिख रहा है। खरोरा के चौक-चौराहों पर बिक रहे नंदी-बैलों की बिक्री कम हो रही है। बाजार में आए कुम्हारों ने बताया कि पहले की तुलना में अब बिक्री बहुत कम हो गई है। पोरा-चुकी सहित अन्य खिलौनों की बिक्री भी उतनी नहीं हो पा रही है। महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लोग त्यौहार मनाने से भी परहेज कर रहे हैं। कुम्हारों का कहना है कि पेंट और वार्निश की कीमत भी बढ़ गई है, जिस कारण उन्हें अपने उत्पादों की कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं। फिलहाल, मिट्टी के बने जोड़ी बैल 80 से 90 रुपये में बिक रहे हैं।

### पोला पर्व का महत्व

पोला पर्व मुख्य रूप से किसानों के बैलों के प्रति आभार व्यक्त करने का त्यौहार है। इस दिन बैलों को सजाया-संवारा जाता है और उनकी पूजा की जाती है। यह पर्व ग्रामीण संस्कृति और कृषि जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो किसानों और पशुओं के बीच के अटूट रिश्ते को दर्शाता है।

# पोला पर्व की तैयारी जोरों पर ग्रामीण क्षेत्रों में उमंग का माहौल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

छत्तीसगढ़ के सुहेला क्षेत्र में किसानों का प्रमुख त्यौहार पोला नजदीक आते ही ग्रामीण इलाकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। बाजारों में मिट्टी से बने नंदी, बैल, जाता-पोला और अन्य पारंपरिक खिलौने सजने लगे हैं, जो ग्रामीण संस्कृति की जीवंतता को दर्शा रहे हैं।

एक ग्रामीण किसान किशन कुमार ने बताया कि इस बार पोला की तैयारी बहुत अच्छे से चल रही है और पूरा गांव उत्सव के रंग में रंगा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार केवल बैलों के सम्मान का ही नहीं, बल्कि गाँव की बेटियों के मायके आने और सहेलियों व रिश्तेदारों से मिलने का भी खास मौका होता है।

### किसानों का आभार पर्व

पोला मुख्य रूप से किसानों का पर्व है, जिसमें वे अपने बैलों को नहलाकर, उनके सींगों पर तेल और रंग लगाकर तथा फूलों और रंगीन कपड़ों से सजाकर सम्मान देते हैं। यह दिन किसानों के लिए बैलों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर होता है, क्योंकि वे कृषि कार्यों में उनके सबसे बड़े सहायक होते हैं। पोला के लिए दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें सजा ली हैं और पारंपरिक सामग्री की खरीदारी जोरों पर है। उम्मीद है कि इस बार का पोला त्योहार पहले से भी अधिक धूमधाम से मनाया जाएगा।

### पारंपरिक खेल को लेकर बच्चों में उत्साह

पोला के मौके पर बच्चे शाम को मिट्टी के नंदी और जाता-पोला से खेलते हैं। छोटी बच्चियाँ रंग-बिरंगे पारंपरिक कपड़े पहनकर इन खिलौनों के साथ उत्सव का आनंद लेती हैं। गाँव के विशेष स्थान पर 'पोल पटका' जाने की परंपरा भी निभाई जाती है, जिसका विशेष महत्व है।

## गणित शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा नेवरा के गणित शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्मल पब्लिक स्कूल तुलसी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएनबी नेवरा के प्राचार्य डॉ. राजेश चंदानी एवं बीआरसी संतोष शर्मा के उद्बोधन से हुआ। प्रशिक्षण 20 से 25 अगस्त तक चला, जिसमें संकुल समन्वयक नरोत्तम ध्रुव, शिक्षक अनिल कुमार निर्मलकर एवं निर्मल साहू प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बताया कि यह प्रशिक्षण नए शैक्षणिक सत्र के लिए उपयोगी है, क्योंकि इस वर्ष कक्षा छठवीं की पुस्तकें एनसीईआरटी के नवीन संस्करण में प्रदाय की गई हैं। इस अवसर पर शिक्षक योगेंद्र कुमार देवांगन, विशेषर वर्मा, विष्णु प्रसाद देवांगन, देवेंद्र प्रताप बर्मन, घनाराम यादव सहित अन्य शिक्षक शामिल हुए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं नरेंद्र कुमार साहू ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर जोर दिया।



## खरोरा में हुआ किसानों का आध्यात्मिक सम्मेलन

**खरोरा।** ब्रह्माकुमारी संस्था खरोरा में किसानों के लिए आध्यात्मिक सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान बरौंडा के डायरेक्टर डॉ. अनिल दीक्षित ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तम खेती के लिए उत्तम स्वास्थ्य आवश्यक है। उन्होंने बीज की गुणवत्ता, नकली दवाओं की पहचान, खरपतवार नियंत्रण में सही नोजल के उपयोग और नैनो टेक्नोलॉजी के महत्व पर प्रकाश डाला। कृषि विकास अधिकारी के.एन. रस्तोगी ने किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और जैविक खाद, हरी खाद तथा वर्मी खाद के उपयोग पर जोर दिया। जनपद उपसभापति प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि उन्नत कृषि तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर ब्र.कु. उमा दीदी ने राजयोग मेडिटेशन और तनावमुक्त जीवन पर विचार साझा किए। ब्रह्माकुमारी बहनों सावित्री बहन और सुनीता बहन ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।



## प्रवीण मिंज बने भाटापारा शहर थाना प्रभारी बोले- चाकूबाजों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाटापारा शहर के नए थाना प्रभारी के रूप में प्रवीण मिंज ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि शहर में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। खासकर, छोटी-मोटी बातों पर होने वाली चाकूबाजी की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए पुलिस सख्ती बरतेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टी.आई. मिंज ने स्वीकार किया कि हाल ही में ऐसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम लोगों में डर का माहौल है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को रोकने के लिए वे आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़े कदम उठाएंगे।

- शहर में आपराधिक गतिविधियों और तेज रफ्तार वाहनों पर लगाएंगे लगाम
- तेज आवाज वाले साइलेंसर पर भी चलेगा अभियान



### पुलिस पेट्रोलिंग होगी और मजबूत

मिंज ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता बनाने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। इससे अपराधों पर नियंत्रण रखने और जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### *तेज रफ्तार और तेज आवाज पर एक्शन*

*थाना प्रभारी ने बताया कि शहर पुलिस और यातायात विभाग मिलकर एक संयुक्त अभियान चलाएंगे। इस अभियान में उन दोपहिया वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिनके साइलेंसर से पटाखे जैसी तेज आवाज निकलती है। ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, शहर की सीमा में तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।*

## समिति प्रबंधक लक्ष्मीनारायण वर्मा हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा बाजार

बलौदा बाजार जिले के ग्रामीण सेवा सहकारी समिति भरसेला पं, क्र. 454 के समिति प्रबंधक लक्ष्मीनारायण वर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार 26 जनवरी 2023 में दिल्ली के लाल किले में लक्ष्मीनारायण वर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष अथिति के रूप में आमंत्रित हुए थे। सेवा सहकारी समिति भरसेला के अंतर्गत सभी किसानों से वर्मा जी का व्यवहार भी सभी के साथ मधुर रहा उनके कार्य से सभी किसान खुश रहते है।

## शिक्षकों ने बच्चों को बांटे जूते-मोजे व टाई-बेल्ट

**भाटापारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दावनबोड़ में पदस्थ शिक्षक सुरेश कुमार वर्मा, भुनेश्वर कुमार ध्रुव, और राजू बंजारे ने पिछले दो वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी बच्चों को जूते और मोजे, टाई बेल्ट, वितरण किए है बच्चो को वितरण गांव सम्मानिय जनप्रतिनिधियों के साथ संस्था प्रमुख के हाथो से संपन्न हुआ है इस कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि गोविंद वर्मा, सरपंच कौशल्या तुरकिया, उप सरपंच गंगा प्रसाद वर्मा, पंच धनेश्वर निषाद लक्ष्मण कुमार वर्मा प्रधानपाठक पुत्तीलाल भारती, कमलकांत मिश्रा, युवराज वर्मा, भुनेश्वर कोसले एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# पेंशनर्स ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील इकाई खरोरा द्वारा 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 15 अगस्त की सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि समाज के संरक्षक एवं सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार अमनपुर ने ध्वजारोहण किया। दोपहर में आयोजित द्वितीय सत्र की अध्यक्षता सीताराम यादव ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रविन्द्र काले और राजेन्द्र चंदाकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ी गीत से हुआ तथा स्वागत भाषण तहसील अध्यक्ष गोपालदास पड़वार ने दिया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए नई पीढ़ी को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

## धुमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**पलारी।** स्थानीय तहसील कार्यालय प्रांगण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी दीपक कुमार निकुंज द्वारा ध्वजारोहण किया गया उन्होने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये बताया गया कि हमारी आजादी की 79वीं वर्षगाँठ भारतवर्ष के हर कोने पर बड़े ही खुशी और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है और इसी कार्यक्रम का एक हिस्सा है, अपने प्राणों की बलि देने वाले जाबांज वीरों को इस दिन याद करने का एक सुनहरा अवसर मिला है। तहसीलदार लीलाधर कॅवर ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाये देते हुये कहां कि आज भी देश के हमारे वीर जवान हमारे देश की सीमा में रखवाली कर रहे है जिससे हमारा इतना बड़ा देश सुरक्षित है और मैं ऐसे वीरों को सलाम है।



## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए तीसरी प्रतीक्षा सूची जारी

**बलौदाबाजार।** सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु तृतीय प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों क़ा काउंसलिंग 29 एवं 30 अगस्त 2025 क़ो प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू, उरकुरा मार्ग, वीआईपी सिटी कालोनी के सामने रायपुर में होगा। काउंसलिंग में अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका हेतु 29 अगस्त 2025, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 30 अगस्त 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक भाग ले सकते है। काउंसिलिंग में अपने साथ प्रवेश पत्र, जाति-निवास प्रमाण पत्र, 8वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, 2 स्वयं का पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित हैं तो इस आशय का सम्बधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

### बोलबम समिति की बैठक 24 को

**महासमुंद।** बोलबम सेवा समिति सिरपुर की बैठक 24 अगस्त रविवार को दोपहर 2 बजे यज्ञशाला में रखी गई है। बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा।

## निधन

### मोतिम यादव

**पलारी।** नगर पलारी के वार्ड क्रमांक 10 निवासी मोतिम यादव (46) का देहावसान हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्ष धाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे कौशल यादव के पत्नी और करण यादव की माता थी।

# सहकार से समृद्धि को साकार करने सहकारी समितियों को करें सक्रिय : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अलग खबर

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक हुई। इस बैठक में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'सहकार से समृद्धि' योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया गया। बैठक में अन्न भंडारण योजना के तहत 2500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों के निर्माण, नए बहुउद्देशीय पैक्स, पैक्स के कंप्यूटरीकरण और नए जनऔषधि केंद्र स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर सोनी ने कहा कि सहकारी समितियों को सक्रिय करना बेहद जरूरी है, ताकि ग्रामीण लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने दुग्ध, मछुआ और वन समितियों का तेजी से पंजीकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने बलौदाबाजार में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदन मंगवाने और परिवहन सुविधा केंद्र शुरू करने का भी निर्देश दिया। ये केंद्र लर्निंग लाइसेंस बनाने और आरटीओ से संबंधित अन्य ऑनलाइन कार्यों में ग्रामीणों की मदद करेंगे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकरी-कर्मचारियों को प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र

### जनऔषधि केंद्रों और कंप्यूटरीकरण पर जोर

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों पर दवाओं की बिक्री बढ़ाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को जेनेरिक दवाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कुम्हारी और तरेंगा में प्रस्तावित नए जनऔषधि केंद्रों के लिए ड्रग लाइसेंस की प्रक्रिया जल्द पूरी कर दुकान खोलने के लिए भी कहा। सभी 129 पैक्स समितियों को कंप्यूटरीकृत करने और उनमें सीएससी सेंटर व माइक्रो एटीएम की सुविधा देने का लक्ष्य भी रखा गया है।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

बैठक के दौरान, सहकारी समितियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक नमिता बिश्वास, कंप्यूटर ऑपरेटर बी.एल. यादव और समिति प्रबंधक रामसागर कैवर्त्य, लक्ष्मीनारायण वर्मा, गोपी वर्मा, शिवदास मानिकपुरी और जगदीश मानिकपुरी शामिल थे। इसके अलावा, हाल ही में पंजीकृत दुग्ध सहकारी समितियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बैठक में जिला सहकारिता पंजीयक उमेश गुप्ता सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## बैठक : समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा

# लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें अधिकारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- नशामुक्ति की दिलाई शपथ किसानों के पंजीयन को लेकर दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क़ो समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व संबंधित विभिन्न लंबित प्रकरणों का नया राजस्व वर्ष शुरु होने से पहले निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने इस दौरान अधिकारियों को नाशमुक्ति की शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 1 अक्टूबर से नया राजस्व वर्ष शुरु होगा। राजस्व न्यायालयों में 6 से 9 माह तक लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। राजस्व न्यायालयों में लोगों को भटकना न पड़े। उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन में छूटे हुए किसनों को चिन्हित कर पंजीयन कराने के निर्देश क़ृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। संयुक्त खाता वाले तथा फौती नामांतरण के लिए शेष किसानों के दस्तावेज दुरुस्त कराने कहा। इसी तरह जिले से पलायन करने वाले किसानों से सम्पर्क कर पंजीयन कराने के निर्देश सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलों में गंभीरता पूर्वक फसल सर्वेक्षण क़ा कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिये।





### गोधामों पर भी कलेक्टर की सख्ती

कलेक्टर ने पशुओं के संरक्षण हेतु शासन के निर्देशानुसार गोधाम संचालन के लिए सभी जनपदों में ग्रामों का चिन्हांकन करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने रजत जयंती महोत्सव हेतु शासन के निर्देशानुसार सभी गतिविधियों का आयोजन समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, शिकायत शाखा धरती आबा अभियान की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते एवं अवध राम टंडन सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# बलौदाबाजार का 'संपर्क केंद्र' बना आम आदमी का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- गैस एजेंसी ने 4 दिन में लौटाए 7,400, आवेदक को मिली राहत
- कलेक्टर की नवाचारी पहल से हुआ समस्याओं का त्वरित समाधान

जिला प्रशासन द्वारा संचालित सम्पर्क केन्द्र एक बार फिर जरूरतमंदों की समस्याओं के समाधान में कारगर साबित हुआ है। संपर्क केंद्र के द्वारा विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित कर आवेदक को 4 दिवस के भीतर 7,400 रूपए वापस दिलवाया गया।




तहसील भाटापारा के ग्राम रोहरा निवासी धनेश्वर साहू ने लक्ष्मी गैस एजेंसी, भाटापारा में वर्ष 2024 में गैस कनेक्शन के लिए 7,400 रूपए जमा किया था। एजेंसी द्वारा न तो पैसा मिल रहा था और न ही गैस कनेक्शन दिया गया। इससे आवेदक धनेश्वर साहू और उनके परिवार को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा था।इसी दौरान उन्होंने समाचार पत्र में बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी की नवाचारी पहल सम्पर्क केन्द्र के बारे में पढ़ा और त्वरित सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से सम्पर्क केन्द्र के हेल्पलाइन पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद सम्पर्क केन्द्र ने तत्काल कार्यवाही करते हुए खाद्य विभाग से समन्वय स्थापित कर आवेदक को 4 दिवस के भीतर गैस कनेक्शन की राशि 7,400 रूपए वापस दिलाया गया।

### आवेदक ने माना प्रशासन का आभार

*आवेदक धनेश्वर साहू ने इस त्वरित न्याय के लिए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्पर्क केन्द्र जैसी पहल जिले के वंचित और शोषित वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। संपर्क केंद्र आम जनों की समस्या का त्वरित निराकरण करता है।*



# बाल विवाह रोकथाम पर कार्यशाला, छात्रों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान(ख) बगबुडा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्कूल परिसर में छात्र एवं छात्राओं को बाल विवाह रोकथाम के बारे में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सभी छात्र एवं छात्राओं को एक जगह बैठाकर बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी संस्था के प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारीयों का स्वागत अभिनन्दन किया सभी अधिकारियों का परिचय कराया संस्था के प्राचार्य ने कहा कि इस तरह का कार्य शाला स्कूल परिसर में नहीं हुआ है अधिकारी द्वारा बताए गए बातों को छात्र एवं छात्राएं बहुत ही ध्यान से सुन रहे थे गामिण अंचल में बाल विवाह रोकथाम का प्रचार प्रसार राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंम सेवकों द्वारा आये दिन जागरूकता अभियान रैली के माध्यम से चलाया जाता है आने वाले दिनों में और ज्यादा बाल विवाह रोकथाम के बारे में अभियान चलाया जाएगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर किया गया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर आज खरोरा के करियादामा चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और बच्चों को मिठाई वितरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरीश देवांगन ने कहा कि राजीव गांधी देश के विकास और संचार क्रांति के जनक थे। उनकी दूरदृष्टि और सोच के कारण ही भारत आज आधुनिक युग की ओर अग्रसर हुआ है। पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस जुबैर अली ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था लागू कर ग्रामीण अंचल के लोगों को सशक्त बनाने का कार्य किया और गरीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अश्वनी वर्मा, पार्षद सुरेंद्र गिलहरे, बलराम नशीने, जनपद सदस्य मुकेश भारद्वाज, संत नवरंगे, धनेश वर्मा सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### भटगांव में कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी जयंती

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव के विश्रामगृह में आज नगर सहित ग्रामीण अंचल के कांग्रेस जनो ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का जयंती मनाई और तैल चित्र का पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर भटगांव के वरिष्ट नेता प्रवेश दुबे ने कहा कि राजीव गांधी भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने थे (साल 1984 में, 40 वर्ष की उम्र में देश का कमान संभाल कर युवा पीढ़ी के लिए अनेकों काम किए। भारत में आधुनिक तकनीक, कंप्यूटर और टेलीकॉम क्रांति के जनक माने जाते हैं। आज स्वर्गीय गांधी जी को सच्चे मन से श्रद्धांजलि अर्पित किए है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जयंती के पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम मुर्तजा खा, सहदेव सिदार, रामा हिरवानी ने भी संबोधित किए। इस मौके पर कांग्रेसजनो में किशोर निराला, भागीरथी चंद्रा, प्रमोद साहू, अप्पू नारंग, लक्ष्मण जोल्हे, राकेश मानिकपुरी, भुनेश्वर साहू, मुकेश सोनी, सुधराम, राजेश केशवानी, टिकेश्वर साहू, जलील खान, समीर रिज़्वी,सहित आदि लोग शामिल रहे।



# राजीव गांधी जयंती पर कांग्रेस ने अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतरत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस कार्यालय तथा सद्भावना चौक स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला और हितेन्द्र ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने 18 वर्ष की आयु में युवाओं को मताधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत किया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए पंचायतीराज व्यवस्था लागू की। नेताओं ने बताया कि राजीव गांधी ने कंप्यूटर क्रांति और आधुनिक तकनीक के माध्यम से भारत को 21वीं सदी की दिशा में आगे बढ़ाने का सपना दिखाया। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में विदेश नीति के क्षेत्र में भारत की नई पहचान बनी और विश्व पटल पर देश की साख बढ़ी।





**ये रहे उपस्थित**-इस अवसर पर परमेश्वर यदु, रूपेश सिंह ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष विक्रम पटेल, राजा तिवारी, आर्यन शुक्ला, पद्मेश्वरी साहू, प्रेमलता बंजारे, सलमान शेख, मनोज प्रजापति, गोविंद पात्रे, गोल्डी मरैया, जितेन्द्र नवरत्न, अविनाश मिश्रा, लखेश साहू, देवेन्द्र वर्मा, सुखदेव साहू, आयुष भतपहरी, प्रवीण सेन, अजय भारती, चेतेन्द्र वर्मा, टेकराम साहू, गुलाब यदु, गांधी साहू, दुर्गेश साहू, गुलशन यदु, निखिल यदु, संतोष ध्रुव, मिथलेश ध्रुव, दिलहरण ध्रुव, सोहन वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नवोदय विद्यालय में मनाया गया सद्भावना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, लवन में आज 20 अगस्त 2025 को भारतरत्न राजीव गांधी की 81वीं जयंती धूमधाम से सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा श्रिया वर्मा और लुकेश्वरी तिवारी ने राजीव गांधी के जीवन और उनकी उपलब्धियों पर ओजस्वी भाषण दिए। उन्होंने भारत में नवोदय विद्यालयों की स्थापना, भारत-अमेरिका के संबंधों में सुधार और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के उनके सपने पर प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यालय के ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का ने सद्भावना दिवस के महत्व और राजीव गांधी के दूरदर्शी विचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### राजीव गांधी का योगदान

प्राचार्य बी. गिरिजा ने अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी ने जीवन भर देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम किया। उन्होंने देश में कंप्यूटर विज्ञान की शुरुआत की और युवाओं को राष्ट्र का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी को उनके आदर्शों का पालन करने और देश में शांति और सद्भावना बढ़ाने का संकल्प लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय के सामाजिक शिक्षक राकेश कुमार सिंह और खेल शिक्षिका श्रीमती विशाखा डांगे के नेतृत्व में सभी शिक्षकों और छात्रों ने सद्भावना का संदेश देते हुए रैली रेस में भाग लिया। यह कार्यक्रम छात्रों को राजीव गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने और देश के प्रति अपने कर्तव्य को समझने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## पिछड़े और आदिवासी बहुल गाँवों तक पहुंचेंगी सरकारी योजनाएं

# जनजातीय विकास के लिए 'आदि कर्मयोगी' अभियान का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- पीएम मोदी के जन्मदिन पर शुरू होगी पहल, 46 गांवों में बनेंगे 'आदि सेवा केंद्र'

जनजातीय अंचलों में सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय ने एक नई पहल शुरू की है, जिसे "आदि कर्मयोगी अभियान" नाम दिया गया है। आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों की बैठक ली और इस महत्वपूर्ण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हो रहा है, जिसकी थीम 'सेवा, संकल्प और समर्पण' है।



बैठक में ट्राइफेड के प्रबंध निदेशक हृदेश कुमार भी शामिल हुए, जिन्होंने छत्तीसगढ़ में आदिवासी विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को छत्तीसगढ़ से बहुत उम्मीदें हैं और विश्वास जताया कि सभी कलेक्टर इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस अभियान का लक्ष्य 'विकसित भारत मिशन 2047' की तर्ज पर 'जनजातीय ग्राम विजन 2030' तैयार करना है।

### बलौदाबाजार में अभियान की तैयारी

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिले में इस अभियान के तहत 46 आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में 'आदि सेवा केंद्र' बनाए जाएंगे। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए युवाओं को 'आदि साथी' के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला स्तर पर 7 मास्टर ट्रेनर्स ने भी प्रशिक्षण प्राप्त कर 'डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर' का अवॉर्ड जीता है।

### पीएम जनमन और धरती आबा अभियान

केंद्र सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए 'प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान (पीएम जनमन)' और 'धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान' भी संचालित किए जा रहे हैं। इसके तहत, 46 गाँवों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और जाति प्रमाण पत्र जैसे व्यक्तिगत दस्तावेज़ बनाने का काम किया जा रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल, बिजली और सड़क जैसे सामुदायिक विकास कार्य भी कराए जा रहे हैं। इन योजनाओं को 'आदि कर्मयोगी' अभियान के तीन स्तरों के माध्यम से लागू किया जाएगा, जिसमें 'आदि कर्मयोगी', 'आदि सहयोगी' और 'आदि साथी' शामिल होंगे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2
शो समय -12:00,3:00,6:30,9:00 PM
कुली
शो समय - 3:15, 9:30 PM
महावतार नरसिम्हा
शो समय - 6:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# बिजली कटौती चरम पर, हर आधे घंटे में हो रही बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी

अलग खबर

पिछले एक महीने से बारिश नहीं होने के कारण एक ओर जहाँ किसान अपनी फसलों को लेकर चिंतित हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की अनियंत्रित कटौती ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। रात हो या दिन, अर्जुनी और आसपास के गाँवों में हर आधे घंटे में बिजली गुल हो जाती है, जिससे लोग भारी उमस भरी गर्मी में परेशान हैं।

एक तरफ सरकार सरप्लस बिजली का दावा करती है, तो दूसरी तरफ विभाग के अधिकारी इस पर बट्टा लगा रहे हैं। वे कभी लाइन में फॉल्ट तो कभी मेंटेनेंस का बहाना बनाकर बिजली काटते रहते हैं। इससे उपभोक्ताओं में भारी गुस्सा है। खासकर, गर्मी के मौसम में दिनभर पंखे, कूलर और पानी की मोटरें बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## बारिश न होने से किसान परेशान, तो बिजली की आंख-मिचौली ने जीना किया मुश्किल

### बच्चों और वृद्धों के लिए मुसीबत

इस बिजली कटौती से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों, व्यापारियों और बीमार वृद्धजनों को हो रही है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, तो वहीं मोबाइल और इलेक्ट्रिक दुकान चलाने वाले व्यवसायी भी परेशान हैं। दिनभर उमस भरी गर्मी में पंखा बंद रहने से घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है।




### शिकायतें अनसुनी, बहाने जारी

ग्रामीणों ने बार-बार बिजली विभाग से शिकायत की है, लेकिन हर बार उन्हें एक ही जवाब मिलता है- लाइन में फॉल्ट है या मेंटेनेंस का काम चल रहा है। महीने भर से चल रहे इस मेंटेनेंस से लोग हैरान हैं। शिकायत करने पर सब-स्टेशन के कर्मचारी कभी लाइन फॉल्ट तो कभी बंदर के कूदने का बहाना बनाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह विभाग की गंभीर लापरवाही है। इस संबंध में कनिष्ठ यंत्री अभिषेक लकड़ा ने कहा कि वे अभी छुट्टी से लौटे हैं और इस मामले को दिखवाते हैं।

## खबर संक्षेप

### बलौदाबाजार का दौरा करेगा मानवाधिकार आयोग

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग 22 अगस्त 2025 को आधिकारिक निरीक्षण के उद्देश्य से जिले का दौरा करेंगे। जिला प्रवास के दौरान आयोग के अध्यक्ष गिरिधारी नायक प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस बलौदाबाजार में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक करेंगे। दौरे में अध्यक्ष के साथ सदस्य गोविन्द कुमार सिंह, संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल, संयुक्त संचालक मनीष मिश्रा, डीएसपी माया असवाल सहित निरीक्षक एवं कंस्टेबल भी रहेंगे।

### पुरानी रंजिश, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चिंगरौद में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी मेघराज बोरे निवासी ग्राम चिंगरौद ने बताया कि 19 अगस्त को वह काम करके अपने घर आया तब उसकी लडकी निहारिका बोरे ने बताया कि गांव का विजय मालेकर उसे देखकर पुरानी रंजिश को लेकर हम लोगों के बारे में अपशब्द बोलता है। जिसके बाद उसे समझाने आरोपी के घर के पास गया। इस पर आरोपी विजय मालेकर, सुखदेव मालेकर, अजय मालेकर व विमला मालेकर ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** मोंगरापाली पुल के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि चैतराम ठाकुर पिता मंगल सिंह ठाकुर (45 वर्ष) बिहाझर बागबाहरा 18 अगस्त को अपने भांजे भुनेश्वर ठाकुर की मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्र सीजी 06 जीजे 0644 से अपने नाती को ग्राम पंडरीखार छोड़कर वापस घर बिहाझर जा रहा था। मोंगरापाली पुल के पास मेन रोड में अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर चैतराम को ठोकर मार दी।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिसने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बालसी बदरी पुलिया के पास एक व्यक्ति एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरीकेन में हाथ भट्टी महुआ शराब बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी शिवा नानकुन चौहान पिता नानकुन चौहान (24 साल) निवासी नूनपानी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमत 2 हजार रुपए को बरामद किया।

## कार्यशाला: पशुधन सुरक्षा, नस्ल सुधार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

# मोहतरा में जल्द शुरू होगा गोधाम, घुमंतु पशुओं के लिए 24 घण्टे रहेगा विश्राम एवं चारे की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने मोहतरा में गोधाम का किया निरीक्षण, व्यवस्थित संचालन हेतु दिये जरूरी निर्देश

वन्यजीव अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और अभियोजन को मजबूत करने के उद्देश्य से बलौदाबाजार वन मंडल कार्यालय में दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन मंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के नेतृत्व में हुई इस कार्यशाला में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, मध्य क्षेत्र, भोपाल का भी सहयोग रहा। इस दौरान वन अधिकारियों और कर्मचारियों को वन्यजीव अपराधों की गहन जांच और अभियोजन की बारीकियां सिखाई गईं।

कार्यशाला में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन और उनकी टीम ने छत्तीसगढ़ में घटित वन्यजीव अपराधों की केस स्टडी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि किस तरह समय पर और संगठित प्रयासों से अपराधों को रोका और हल किया जा सकता है। वहीं, जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फोरेंसिक एंड हेल्थ से डॉ. निधि राजपूत ने अपराध स्थल प्रबंधन और साक्ष्य संरक्षण पर विशेष सत्र लिया। उन्होंने अधिकारियों और वनकर्मियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से साक्ष्य इकट्ठा करने और उनका संरक्षण करने का तरीका सिखाया।





### विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

कार्यशाला में बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य के उप वन संरक्षक क्रिशानू चंद्राकर, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो भोपाल से डॉ. के.के. शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता यश कुमार सोनी और मध्य प्रदेश पुलिस से अफजल खान जैसे विशेषज्ञ भी मौजूद थे। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा कर प्रतिभागियों को वन्यजीव अपराधों से निपटने के लिए प्रेरित किया।

### प्रशिक्षण में शामिल हुए 70 प्रतिभागी

इस प्रशिक्षण में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रावधानों, विभिन्न दंडनीय अपराधों की श्रेणियों और अनुसूचित प्राणियों की परिभाषाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यशाला में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व और बलौदाबाजार वन मंडल के सभी परिक्षेत्रों से कुल 70 अधिकारी, वनकर्मी और पुलिस विभाग के प्रतिभागी शामिल हुए। विशेषज्ञों ने वास्तविक मामलों के उदाहरणों से प्रशिक्षण को अधिक प्रभावशाली बनाया।

# स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेसियों ने किया ध्वजारोहण, दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

- गांधी चौक, अंबेडकर चौक और राजीव गांधी प्रतिमा स्थल पर आयोजित हुए कार्यक्रम
- जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने प्रदेश अध्यक्ष का संदेश पढ़ा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कांग्रेसजनों ने उपस्थित होकर प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने गांधी चौक एवं जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज का प्रदेश की जनता के नाम संदेश वाचन किया और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी ने अंबेडकर चौक तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश सिंह ठाकुर ने गार्डन चौक स्थित राजीव गांधी प्रतिमा स्थल पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यदु,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बड़े साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग के लिए 3.85 करोड़ की मिली स्वीकृति

## लंबे वर्षों से की जा रही मांग विधायक के प्रयासों से हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

विधानसभा क्षेत्र के बड़े साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग आखिरकार लंबे इंतजार के बाद लोक निर्माण विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। विधायक चातुरी नंद के लगातार पत्राचार और विधानसभा में मामला उठाने के बाद लोक निर्माण विभाग ने बड़े साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग हेतु 3 करोड़ 85 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ने साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग (लंबाई 3.20 किमी) के निर्माण के लिए 3.85 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस संबंध में विधायक चातुरी नंद ने कहा कि लंबे वर्षों से बड़े साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही हैं। सड़क निर्माण हेतु ग्रामीणों के साथ हम विभागीय अधिकारियों से मिलकर प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रयासरत थें। आम जन की मांग के अनुरूप आखिर कार लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि आज यह सिद्ध हो गया कि जनता की आवाज़ अगर सशक्त प्रतिनिधि के माध्यम से दमदार तरीके से उठाई जाए तो सरकार को झुकना ही पड़ता है। यह सड़क सिर्फ सीमेंट-कांक्रीट का ढांचा नहीं है, यह हमारे किसानों के सपनों का रास्ता है, विद्यार्थियों की शिक्षा की राह है और आम जन की रोज़मर्रा की जरूरतों का समाधान है। उन्होंने कहा कि जनता की ताक़त और हमारे प्रयासों से जो काम सालों से लटका हुआ था, वह अब हकीकत बनकर सामने आया है। विधायक नंद ने यह भी कहा कि किसानों को अपनी फसलें समय पर मंडियों तक पहुंचाने में सहूलियत होगी। विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिलेगा। ग्रामीण व्यापार, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच आसान होगी। सरायपाली क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास तेज़ी से आगे बढ़ेगा। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है। जब तक सरायपाली क्षेत्र का हर कोना विकास की रोशनी से नहीं जगमगाता, तब तक मेरा संघर्ष जारी रहेगा। जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया है और मैं इस क्षेत्र की बेटी होने के नाते उनकी सेवा के लिए चौबीसों घंटे समर्पित हूं। यह सड़क निर्माण की स्वीकृति केवल एक कागज पर हस्ताक्षर नहीं है, बल्कि यह प्रमाण है कि जनता की शक्ति और जनप्रतिनिधि की प्रतिबद्धता मिलकर असंभव को संभव कर सकती है। सड़क निर्माण की स्वीकृति होने पर बड़े साजापाली के सरपंच, बूटी पाली के सरपंच रोहित साहू, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, सरपंच हरदा पुरुषोत्तम साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रतन बंजारा, गिरवर वारे, विष्णु दास, सोनसाय बरिहा, टोपचंद पटेल सहित स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की स्वीकृति हेतु विधायक चातुरी नंद का आभार जताया है।



### शहीद घनश्याम कन्नौजे की पुण्यतिथि आज

**महासमुंद।** शहीद घनश्याम कनौजे की 14वी पुण्यतिथि 21 अगस्त को मनाई जाएगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के बिरकोनी गांव के वीर सपूत घनश्याम कनौजे बीजापुर के भद्रकाली में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए थे और हर साल उनकी पुण्यतिथि 21 अगस्त को मनाई जाती है। शहीद घनश्याम कन्नौजे छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) की दूसरी बटालियन में आरक्षक थे। 2011 में बीजापुर जिले के भद्रकाली में नक्सल विरोधी के दौरान वे शहीद हो गए थे।

# आदिवासी दिवस रैली में शामिल हुए पूर्व मंडी अध्यक्ष



**भाटापारा।** आदिवासी दिवस के अवसर पर भाटापारा में आयोजित रैली में पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस भवन में प्रमुख रूप से अरुण यादव, सुनील माहेश्वरी, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, राजकुमार शर्मा, सचिन शर्मा, अजय ठाकुर, चंद्र शेखर चक्रधारी, संतोष सोनी, अय्युब बठिया, नानू सोनी, शैलेन्द्र अहीरवार, हंसराज बंसल, लक्ष्मी पांडेय, आशा ध्रुव, नवीन बक्स, नितिन शुक्ला, पुनीत मानिकपुरी, विमल शर्मा, वैभव केशरवानी, तीरथ यदु, ओम प्रकाश यदु, महेंद्र साहू, राजा तिवारी, रामरतन डंडे, लखन ध्रुव, उपस्थित थे।

### बाइक से गांजा परिवहन दो आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। बाइक से गांजा परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 8 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 19 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले रंग की पेशन प्रो बिना नंबर वाली मोटर सायकल में दो व्यक्ति ओडिशा की ओर से बागबाहरा की ओर अवैध रूप से गांजा लेकर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने गुरुदेव धर्मकांटा के सामने एनएच 353 मेन रोड बागबाहरा के पहुंचकर घेराबंदी किया। करीबन आधा-पौन घंटे के बाद बाइक में दो लोग आए। जिन्हें घेराबंदी कर रोका गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर वाहन चालक द्वारा अपना नाम संजय अहाके पिता सुखदेव अहाके (34 वर्ष) ग्राम रानीखेड़ा थाना चिचोली जिला बैतूल मप्र एवं पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा अपना नाम परसराम पंद्राम पिता स्व फगना पंद्राम (56 वर्ष) ग्राम रानीखेड़ा थाना चिचोली जिला बैतूल मप्र का रहने वाले बताया।







